**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4041**

**17.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**विदेश में मारे गए भारतीय**

**4041**. **श्री रवि किशन**:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न देशों में हजारों भारतीय मारे गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी देश-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार पीड़ितों के परिवारों को कोई वित्तीय या अन्य प्रकार की सहायता/मदद प्रदान करती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रभावित परिवारों की सहायता हेतु सरकार द्वारा किसी समिति/एजेंसी का गठन किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**(विदेश राज्य मंत्री)**

**(श्री वी. मुरलीधरन)**

(क) मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार 31.05.2019 तक पिछले तीन वर्षों के दौरान विदेशों में अपनी जान गवाने वाले भारतीय नागरिकों की देश-वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

(ख) से (घ) भारतीय नागरिकों की मृत्यु के बारे में सूचना प्राप्त होने पर भारतीय मिशन/केंद्र मृत व्यक्ति के परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए त्वरित कार्रवाई करते हैं और साथ ही मामले को स्थानीय प्राधिकारियों के साथ भी उठाते हैं। हमारे मिशन/केंद्र मृत भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर को भारत भेजने के लिए उनके निकटतम रिश्तेदारों, नियोक्ताओं/प्रायोजकों और स्थानीय प्राधिकारियों से तुंरत संपर्क करते हैं और भारत में मृत व्यक्ति के पार्थिव शरीर को प्राप्त करने के लिए उनके परिवार की सहमति प्राप्त करने, स्थानीय प्राधिकरणों से अपेक्षित दस्तावेज़ एवं स्वीकृति प्राप्त करने, पार्थिव शरीर को भारत वापस ले जाने के लिए तैयार करने आदि सहित पार्थिव शरीर को भारत वापस ले जाने की प्रक्रिया में गति लाने के लिए तत्पर रहते हैं। मुआवजा/अंतिम बकाया से संबंधित मामलों पर नियोक्ताओं/बीमा कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से कार्रवाई की जाती है। अदालतों में लंबित मामलों के त्वरित समाधान के लिए मिशन/केंद्र वकीलों के साथ संपर्क में रहते हैं और मृत व्यक्ति के परिजनों को मामले की स्थिति की जानकारी देते हैं।

भारतीय समुदाय कल्याण निधि (आईसीडब्ल्यूएफ) के तहत साधन परीक्षित आधार पर उपयुक्त मामलों में भारतीय मिशनों/केन्द्रों द्वारा पार्थिव शरीर को हवाई मार्ग से वापस लाने के लिए मृत भारतीय नागरिक के परिवारों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है।

**अनुबंध**

**विदेश में मारे गए भारतीय के संबंध में 17.07.2019 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4041 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्रम स. | देश का नाम | विदेशों में भारतीयों की मृत्यु | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2016 | 2017 | 2018 | 2019(मई 2019 तक ) |
| 1 | अफ़ग़ानिस्तान | 4 | 2 | 3 | 1 |
| 2 | अलजीरिया | 2 | 6 | 1 | 1 |
| 3 | अंगोला | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 4 | अर्जेंटीना | शून्य | 4 | शून्य | शून्य |
| 5 | आर्मीनिया | 4 | 2 | 6 | शून्य |
| 6 | ऑस्ट्रिया | 10 | 14 | 6 | 10 |
| 7 | ऑस्ट्रेलिया | 69 | 103 | 119 | 51 |
| 8 | अज़रबाइजान | 2 | शून्य | शून्य | 2 |
| 9 | बहरीन | 186 | 237 | 234 | 93 |
| 10 | बेलारूस | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 11 | बांग्लादेश | 17 | 30 | 29 | 11 |
| 12 | बेल्जियम | 13 | 8 | 21 | शून्य |
| 13 | भूटान | 28 | 8 | 5 | 2 |
| 14 | बोत्सवाना | उपलब्ध नहीं | 4 | 11 | 1 |
| 15 | ब्राज़ील | 2 | 4 | 1 | शून्य |
| 16 | ब्रुनेई | 13 | 8 | 12 | 3 |
| 17 | बुल्गारिया | शून्य | 2 | शून्य | शून्य |
| 18 | कंबोडिया | 3 | 1 | 2 | 1 |
| 19 | कनाडा | 162 | 140 | 142 | 67 |
| 20 | चिली | 2 | 1 | 1 | 1 |
| 21 | चीन | 43 | 48 | 52 | 20 |
| 22 | कांगो | 5 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 23 | कोलम्बिया | शून्य | 4 | 2 | 1 |
| 24 | कोट दी वार | 9 | 5 | 11 | 3 |
| 25 | क्रोशिया | 1 | शून्य | शून्य | 1 |
| 26 | क्यूबा | उपलब्ध नहीं | शून्य | शून्य | 1 |
| 27 | साइप्रस | 4 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 28 | चेक गणराज्य | शून्य | 2 | 2 | 1 |
| 29 | डेनमार्क | 4 | 8 | 2 | शून्य |
| 30 | मिस्त्र | 13 | 9 | 16 | 4 |
| 31 | इथियोपिया | शून्य | 9 | 10 | 12 |
| 32 | फ़िजी | शून्य | 3 | 2 | शून्य |
| 33 | फिनलैंड | 1 | 4 | 2 | 1 |
| 34 | फ्रांस | 13 | 15 | 17 | 5 |
| 35 | जर्मनी | 39 | 57 | 74 | 31 |
| 36 | घाना | 15 | 13 | 21 | 3 |
| 37 | यूनान | 27 | 17 | 22 | 12 |
| 38 | ग्वाटेमाला | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 39 | गुयाना | शून्य | 1 | 1 | शून्य |
| 40 | हंगरी | 1 | 4 | 4 | 1 |
| 41 | आइसलैंड | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 42 | इंडोनेशिया | 31 | 25 | 54 | 12 |
| 43 | ईरान | 11 | 11 | 11 | 4 |
| 44 | इराक | 7 | 2 | 4 | 1 |
| 45 | आयरलैंड | उपलब्ध नहीं | 4 | 10 | 6 |
| 46 | इजराइल | 7 | 6 | 8 | 7 |
| 47 | इटली | 119 | 142 | 194 | 73 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 48 | जमैका | उपलब्ध नहीं | 5 | 4 | 3 |
| 49 | जापान | 12 | 15 | 23 | 6 |
| 50 | जॉर्डन | 13 | 16 | 13 | 5 |
| 51 | कजाकिस्तान | शून्य | 1 | 2 | 2 |
| 52 | केन्या | 17 | 20 | 11 | 7 |
| 53 | कोरिया (डीपीआर) | उपलब्ध नहीं | शून्य | शून्य | शून्य |
| 54 | कोरिया (गणराज्य) | 2 | 2 | 4 | 3 |
| 55 | कुवैत | 576 | 591 | 659 | 282 |
| 56 | किर्गिस्तान | 3 | शून्य | 1 | 1 |
| 57 | लाओस पीडीआर | शून्य | 1 | 2 | शून्य |
| 58 | लेबनान | 18 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 59 | लीबिया | 6 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 60 | मेडागास्कर | उपलब्ध नहीं | 9 | 7 | 5 |
| 61 | मलावी | 6 | 6 | 11 | 5 |
| 62 | मलेशिया | 322 | 319 | 347 | 187 |
| 63 | मालदीव | 12 | 11 | 14 | 6 |
| 64 | माली | 2 | 2 | 4 | 1 |
| 65 | माल्टा | उपलब्ध नहीं | शून्य | शून्य | 1 |
| 66 | मॉरीशस | 6 | 3 | 15 | 4 |
| 67 | मेक्सिको | उपलब्ध नहीं | 7 | 2 | शून्य |
| 68 | मोरक्को | 1 | शून्य | 4 | शून्य |
| 69 | मंगोलिया | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 70 | मोजाम्बिक | 9 | 10 | 13 | 5 |
| 71 | म्यांमार | 1 | 4 | 7 | 1 |
| 72 | नामीबिया | 1 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 73 | नेपाल | 56 | 80 | 71 | 38 |
| 74 | नीदरलैंड | 8 | 10 | 12 | 3 |
| 75 | न्यूजीलैंड | 28 | 43 | 51 | 24 |
| 76 | नाइजर | उपलब्ध नहीं | शून्य | 1 | शून्य |
| 77 | नाइजीरिया | 33 | 25 | 25 | 10 |
| 78 | नॉर्वे | 2 | 2 | 7 | 2 |
| 79 | ओमान | 547 | 495 | 526 | 195 |
| 80 | पाकिस्तान | 3 | 3 | 3 | 1 |
| 81 | फिलिस्तीन | उपलब्ध नहीं | शून्य | शून्य | 1 |
| 82 | पनामा | 4 | 1 | 8 | शून्य |
| 83 | पापुआ न्यू गिनी | 1 | शून्य | 1 | 1 |
| 84 | पेरू | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 85 | फिलीपींस | उपलब्ध नहीं | 64 | 60 | 32 |
| 86 | पोलैंड | शून्य | 6 | 7 | 3 |
| 87 | पुर्तगाल | 12 | 8 | 5 | 4 |
| 88 | कतर | 281 | 282 | 285 | 88 |
| 89 | रोमानिया | 1 | शून्य | 1 | शून्य |
| 90 | रूस | 2 | 8 | 13 | 9 |
| 91 | सऊदी अरब | 2766 | 2664 | 2551 | 1076 |
| 92 | सर्बिया | उपलब्ध नहीं | शून्य | 1 | 1 |
| 93 | सेनेगल | 5 | 1 | 6 | 1 |
| 94 | सेशेल्स | 6 | 5 | 7 | 4 |
| 95 | सिंगापुर | 154 | 151 | 154 | 68 |
| 96 | स्लोवाक गणराज्य | शून्य | 1 | शून्य | शून्य |
| 97 | स्लोवेनिया | उपलब्ध नहीं | शून्य | शून्य | शून्य |
| 98 | दक्षिण अफ्रीका | 62 | 31 | 30 | 20 |
| 99 | दक्षिण सूडान | उपलब्ध नहीं | 2 | 2 | 3 |
| 100 | स्पेन | 29 | 18 | 29 | 14 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 101 | श्री लंका | 21 | 30 | 32 | 27 |
| 102 | सूडान | 10 | 1 | 4 | 3 |
| 103 | सूरीनाम | 2 | 1 | 4 | शून्य |
| 104 | स्वीडन | उपलब्ध नहीं | शून्य | 1 | शून्य |
| 105 | स्विट्जरलैंड | 14 | 8 | 7 | 5 |
| 106 | सीरिया | शून्य | शून्य | शून्य | 2 |
| 107 | ताजिकिस्तान | उपलब्ध नहीं | शून्य | 1 | शून्य |
| 108 | तंजानिया | 30 | 35 | 28 | 9 |
| 109 | थाईलैंड | 80 | 83 | 33 | 41 |
| 110 | ट्रिनिडाड और टोबैगो | 2 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 111 | ट्यूनीशिया | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 112 | तुर्की | 3 | 11 | 10 | 1 |
| 113 | तुर्कमेनिस्तान | उपलब्ध नहीं | शून्य | 1 | शून्य |
| 114 | युगांडा | 28 | 26 | 40 | 16 |
| 115 | संयुक्त अरब अमीरात | 1657 | 1637 | 1759 | 736 |
| 116 | यूनाइटेड किंगडम | 26 | 120 | 104 | 52 |
| 117 | यूक्रेन | 6 | 5 | 6 | 2 |
| 118 | वेनेजुएला | उपलब्ध नहीं | शून्य | शून्य | शून्य |
| 119 | वियतनाम | उपलब्ध नहीं | 3 | 12 | 6 |
| 120 | संयुक्त राज्य अमरीका | 483 | 451 | 373 | 200 |
| 121 | उज़्बेकिस्तान | 1 | शून्य | शून्य | 1 |
| 122 | वेनेजुएला | 2 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 123 | वियतनाम | 3 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 124 | यमन | 6 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 125 | जाम्बिया | 7 | 10 | 13 | 5 |
| 126 | जिम्बाब्वे | उपलब्ध नहीं | शून्य | 2 | 1 |
| **कुल** | | **8261** | **8310** | **8550** | **3673** |

***